पत्रांक 2145 दि0 19/05/2025

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के माननीय मंत्री श्री संजय सरावगी की अध्यक्षता में दिनांक 11.04.2025 को राज्य के बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ की गई विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही में दिये गये मुख्य निदेश**

**उपस्थितिः–** यथा संधारित।

दिनांक 11.04.2025 माननीय मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा श्री दीपक कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, श्री जय सिंह, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री कमलेश कुमार सिंह, निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप एवं निदेशालय के पदाधिकारियों की उपस्थिति में राज्य के सभी जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के प्रगति को समीक्षा की गई।

I. प्रथम चरण की समीक्षा :–

समीक्षा के क्रम में सर्वप्रथम राज्य के 20 जिलों के 89 अंचलों में वर्ष 2020 से प्रारम्भ किए गए विशेष सर्वेक्षण कार्य के प्रथम चरण के प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में वर्ष 2024 अप्रैल के संदर्भ में अप्रैल 2025 में हुई प्रगति तथा जनवरी 2025 तथा प्रथम सप्ताह अप्रैल 2025 की तुलनात्मक प्रगति की समीक्षा की गई, समीक्षा के क्रम में जिलावार प्रगति निम्नवत् पाई गई :–

**SPECIAL SURVEY 2024 :: DISTRICT REPORT : APRIL 1st Week PHASE - 1**

| SL.No. | | | | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | | 6 | 7 | | 8 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PARAMETERS | Total Circle | Total Shivir | Total Mauza | Boundary Updated Map's Supply (5%) | | Kishtwaar (Mauza) (Section 6, Rule7) (20%) | | Khanapuri (Mauza) (Section 7, Rule 9) (25%) | | Form-6 Entry in Software (Completed Mauza) (15%) | | LPM & Form-7 Distribution (Mauza) (15%) | | Target of Darft Publication This Week | Darft Publication Form-12 (Mauza) (10%) | | Final Publication Form-20 (Mauza)(10%) | |
| District | | | | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | Weekly Target | A. COUNT | % | A. COUNT | % |
| SHEIKHPURA | 6 | 15 | 284 | 284 | 100.0% | 284 | 100.0% | 280 | 98.59% | 264 | 92.96% | 264 | 92.96% | 284 | 255 | 89.79% | 168 | 59.15% |
| KATIHAR | 3 | 7 | 167 | 167 | 100.0% | 167 | 100.0% | 167 | 100.00% | 166 | 99.40% | 154 | 92.22% | 167 | 130 | 77.84% | 50 | 29.94% |
| MUNGER | 5 | 13 | 306 | 306 | 100.0% | 306 | 100.0% | 300 | 98.04% | 297 | 97.06% | 297 | 97.06% | 306 | 283 | 92.48% | 43 | 14.05% |
| JEHANABAD | 4 | 10 | 240 | 240 | 100.0% | 240 | 100.0% | 231 | 96.25% | 216 | 90.00% | 189 | 78.75% | 240 | 167 | 69.58% | 82 | 34.17% |
| PURNIA | 1 | 4 | 72 | 72 | 100.0% | 72 | 100.0% | 67 | 93.06% | 62 | 86.11% | 60 | 83.33% | 72 | 60 | 83.33% | 2 | 2.78% |
| BANKA | 5 | 12 | 309 | 309 | 100.0% | 309 | 100.0% | 274 | 88.67% | 262 | 84.79% | 262 | 84.79% | 309 | 226 | 73.14% | 55 | 17.80% |
| NALANDA | 9 | 17 | 396 | 396 | 100.0% | 388 | 98.0% | 344 | 86.87% | 318 | 80.30% | 311 | 78.54% | 396 | 266 | 67.17% | 19 | 4.80% |
| BEGUSARAI | 10 | 19 | 440 | 440 | 100.0% | 438 | 99.5% | 353 | 80.23% | 312 | 70.91% | 302 | 68.64% | 435 | 275 | 62.50% | 190 | 43.18% |
| LAKHISARAI | 5 | 16 | 376 | 376 | 100.0% | 362 | 96.3% | 326 | 86.70% | 295 | 78.46% | 252 | 67.02% | 307 | 246 | 65.43% | 56 | 14.89% |
| ARARIA | 2 | 6 | 144 | 144 | 100.0% | 144 | 100.0% | 129 | 89.58% | 110 | 76.39% | 99 | 68.75% | 144 | 85 | 59.03% | 4 | 2.78% |
| W. CHAMPARAN | 4 | 11 | 281 | 281 | 100.0% | 281 | 100.0% | 233 | 82.92% | 192 | 68.33% | 185 | 65.84% | 281 | 168 | 59.79% | 47 | 16.73% |
| SHEOHAR | 3 | 3 | 80 | 80 | 100.0% | 80 | 100.0% | 64 | 80.00% | 51 | 63.75% | 51 | 63.75% | 80 | 45 | 56.25% | 16 | 20.00% |
| KHAGARIA | 4 | 7 | 158 | 158 | 100.0% | 158 | 100.0% | 128 | 81.01% | 108 | 68.35% | 96 | 60.76% | 158 | 87 | 55.06% | 8 | 5.06% |
| SAHARSA | 3 | 5 | 122 | 122 | 100.0% | 122 | 100.0% | 119 | 97.54% | 70 | 57.38% | 66 | 54.10% | 122 | 48 | 39.34% | 0 | 0.00% |
| ARWAL | 5 | 13 | 312 | 312 | 100.0% | 312 | 100.0% | 252 | 80.77% | 225 | 72.12% | 202 | 64.74% | 312 | 118 | 37.82% | 1 | 0.32% |
| MADHEPURA | 4 | 6 | 114 | 114 | 100.0% | 114 | 100.0% | 81 | 71.05% | 71 | 62.28% | 66 | 57.89% | 114 | 54 | 47.37% | 4 | 3.51% |
| SITAMARHI | 4 | 9 | 253 | 253 | 100.0% | 253 | 100.0% | 195 | 77.08% | 135 | 53.36% | 130 | 51.38% | 253 | 113 | 44.66% | 4 | 1.58% |
| JAMUI | 3 | 6 | 155 | 155 | 100.0% | 155 | 100.0% | 103 | 66.45% | 87 | 56.13% | 83 | 53.55% | 155 | 79 | 50.97% | 17 | 10.97% |
| SUPAUL | 5 | 12 | 252 | 252 | 100.0% | 252 | 100.0% | 156 | 61.90% | 147 | 58.33% | 138 | 54.76% | 252 | 125 | 49.60% | 45 | 17.86% |
| KISHANGANJ | 4 | 17 | 460 | 460 | 100.0% | 460 | 100.0% | 299 | 65.00% | 222 | 48.26% | 205 | 44.57% | 460 | 153 | 33.26% | 3 | 0.65% |
| Total Count | 89 | 208 | 4921 | 4921 | 100.0% | 4897 | 100% | 4101 | 84.1% | 3610 | 73.23% | 3412 | 69.17% | 4927 | 2983 | 60.72% | 814 | 15.01% |

Best Performing Districts :

| SHEIKHPURA | KATIHAR | MUNGER |
|---|---|---|

Least Performing Districts :

| MADHEPURA | SITAMARHI | JAMUI | SUPAUL | KISHANGANJ |
|---|---|---|---|---|

पदाधिकारी द्वारा सुनवाई में आपत्तियों की संख्या अधिक होने तथा मधेपुरा एवं सहरसा में राजस्व ग्रामों में खेसरों की संख्या अधिक होने के कारण अन्तिम अधिकार अभिलेख के प्रकाशन कार्य की धीमी गति को कारण बताया गया। प्रतिवेदित किया गया कि पूर्णिया में बन्दोबस्त पदाधिकारी का पद रिक्त होने के कारण अन्तिम अधिकार अभिलेख का प्रकाशन नहीं हो पा रहा है।

अन्तिम अधिकार अभिलेख के प्रकाशन की समीक्षा उपरान्त प्रारूप अधिकार अभिलेख के प्रकाशन की प्रगति में पाया गया कि पाँच जिलों यथा बांका, जमुई, किशनगंज, सीतामढ़ी तथा सहरसा में प्रगति का प्रतिशत क्रमशः 21,38,46,47 एवं 46 प्रतिशत है अर्थात प्रथम चरण के आधे राजस्व ग्रामों का भी प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित नहीं किया गया है। इस संदर्भ में बांका के बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं जमुई के सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) द्वारा बताया गया कि उनके जिलों में प्रत्येक राजस्व ग्राम के साथ बट्टा नं0 के रूप में बड़ी संख्या में अनेक राजस्व ग्राम सम्बद्ध है और इस कारण प्रत्येक ग्राम में अलग–अलग हरेक प्रक्रम का कार्य पूर्ण किए जाने के कारण कार्य की प्रगति धीमी है जबकि अन्य जिलों द्वारा बताया गया कि खेसरों की संख्या अधिक होने, सुनवाई प्रक्रम में दावा आपतियों की संख्या अधिक होने एवं पूर्व से खानापुरी का कार्य लंबित रहने के कारण प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रकाशन नहीं किया जा सका।

प्रथम चरण की प्रगति के संबंध में प्रतिवेदित किया गया कि वर्तमान में बेगूसराय, जमुई, शेखपुरा, पूर्णियाँ तथा शिवहर में बन्दोबस्त पदाधिकारी का पद रिक्त रहने के कारण प्रगति बाधित हो रही है। साथ ही विगत छः माह से विशेष सर्वेक्षण के लिए उपलब्ध सर्वर में तकनीकी समस्या होने के कारण प्रगति बाधित हुई है। बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा यह भी बताया गया कि विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अर्न्तगत प्रारूप अधिकार अभिलेख के प्रकाशन पूर्व तथा प्रकाशन उपरांत सॉफ्टवेयर संबंधी समस्या के कारण अनेक रैयतो द्वारा समर्पित दावा आपति तथा पारित आदेशो को ऑनलाइन अपलोड नहीं किया जा सका है और इस कारण इस तरह के ग्रामो का प्रारूप एवं अन्तिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित नहीं किया जा सका है। इसके अतिरिक्त वैसे राजस्व ग्राम जहाँ अन्तिम अधिकार अभिलेख का प्रकाशन किया जाना है। वहाँ भी कुछ राजस्व ग्रामों में पूर्व में प्राप्त दावा/आपति एवं पूर्व से पारित आदेशो को भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाना है। सॉफ्टवेयर संबंधी उक्त समस्या के बारे में अनुरोध किया गया कि भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के स्तर से विशेष सर्वेक्षण के विभिन्न प्रक्रमों में यथा प्रपत्र–6 ,प्रपत्र–12 एवं प्रपत्र–20 को जिन ग्रामों में लॉक कर दिया गया है, उसे कुछ अवधि तक आनलॉक किए जाने की आवश्यकता है ताकि सॉफ्टवेयर में पूर्व से प्राप्त दावा आपति एवं पारित आदेशों का अपलोड किया जा सके।

II. द्वितीय चरण के प्रगति की समीक्षा –

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के द्वितीय चरण अन्तर्गत आने वाले नए 18 जिलो एवं कुल 445 अंचलो की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि जिलों में नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण अमीनों को ग्रामों साथ के असामान्य तरीके से सम्बद्ध किया गया है। ग्रामों को सम्बद्ध किए जाने की प्रक्रिया में किसी एक अमीन को अपेक्षाकृत ज्यादा तो किसी को बहुत कम राजस्व ग्राम आवंटित किया गया है। इस सन्दर्भ में सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा निदेशित किया गया कि अमीनों के मध्य ग्रामों का बॅटवारा इस प्रकार से किया जाए जिसमें सभी अमीनों को समानुपातिक रूप से समान संख्या में खेसरे आवंटित हो।

द्वितीय चरण की प्रगति के क्रम में जिलावार प्रगति निम्नरूपेण पाई गई।

विशेष सर्वेक्षण् एवं बन्दोबस्त से संबंधित 38 जिलों के प्रपत्र—1 से प्रपत्र - 5 तक के कार्य की प्रगति प्रतिवेदन

द्वितीय चरण से संबंधित ग्रामों का विवरण — दिनांक -09-04-2025

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | कुल अंचल की संख्या | कुल राजस्व ग्रामों की संख्या | कुल सर्वे प्रारंभ होने वाले राजस्व ग्रामों की संख्या | स्वघोषणा की स्थिति: रैयत द्वारा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त स्वघोषणा की संख्या | शिविर स्तर पर ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त कुल स्वघोषणा की संख्या | शिविर स्तर पर ऑफलाईन माध्यम से प्राप्त स्वघोषणा में से अपलोड किये गये स्वघोषणा की संख्या | शिविर स्तर पर ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त स्वघोषणा में से अपलोड नहीं किये गये स्वघोषणा की संख्या (06-07) | ऑनलाईन एवं ऑफलाइन कुल स्वघोषणा की संख्या (05+06=09) | भू—सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र—5 में प्रविष्टि की स्थिति: कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि का कार्य प्रारम्भ किया गया | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि पूर्ण किया गया है। | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि अपूर्ण है। (4-11=22) | अमीन की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | अररिया | 7 | 595 | 574 | 367963 | 353448 | 63734 | 289714 | 721411 | 365 | 161 | 413 | 157 |
| 3 | बांका | 6 | 1052 | 1020 | 49542 | 56890 | 56890 | 0 | 106432 | 907 | 907 | 113 | 374 |
| 4 | बेगूसराय | 8 | 729 | 658 | 23380 | 67699 | 58135 | 9564 | 91079 | 531 | 354 | 304 | 229 |
| 5 | जमुई | 7 | 1284 | 1284 | 22464 | 75515 | 66397 | 9118 | 97979 | 917 | 515 | 769 | 215 |
| 6 | जहानाबाद | 3 | 328 | 328 | 14424 | 35451 | 34760 | 691 | 49875 | 328 | 269 | 59 | 142 |
| 7 | कटिहार | 13 | 1392 | 1336 | 18801 | 100642 | 93180 | 7462 | 119443 | 1287 | 1224 | 112 | 103 |
| 8 | खगड़िया | 3 | 134 | 99 | 22956 | 16765 | 11029 | 5736 | 39721 | 98 | 69 | 30 | 81 |
| 9 | किशनगंज | 3 | 311 | 311 | 12057 | 19771 | 18840 | 931 | 31828 | 311 | 291 | 20 | 155 |
| 10 | लखीसराय | 2 | 64 | 53 | 6703 | 6703 | 6603 | 100 | 13406 | 52 | 52 | 1 | 156 |
| 11 | मधेपुरा | 9 | 331 | 299 | 28230 | 40330 | 28901 | 11429 | 68560 | 299 | 212 | 87 | 72 |
| 12 | मुंगेर | 4 | 592 | 470 | 10634 | 51368 | 41871 | 9497 | 62002 | 343 | 219 | 251 | 204 |
| 13 | नालंदा | 11 | 674 | 574 | 41265 | 132877 | 122254 | 10623 | 174142 | 574 | 562 | 12 | 234 |
| 14 | पूर्णियो | 13 | 1182 | 1123 | 31599 | 113970 | 66739 | 47231 | 145569 | 564 | 322 | 801 | 213 |
| 15 | सहरसा | 7 | 318 | 318 | 44585 | 40590 | 21183 | 19407 | 85175 | 283 | 120 | 198 | 87 |
| 17 | शिवहर | 2 | 115 | 115 | 2655 | 48695 | 48695 | 0 | 51350 | 115 | 115 | 0 | 40 |
| 18 | सीतामढी | 13 | 591 | 553 | 81203 | 47739 | 38960 | 8779 | 128942 | 553 | 293 | 260 | 144 |
| 19 | सुपौल | 6 | 297 | 290 | 41076 | 22978 | 31962 | 8984 | 64054 | 287 | 204 | 86 | 102 |
| 20 | प0 चम्पारण | 13 | 1216 | 1170 | 13821 | 119996 | 84358 | 35638 | 133817 | 1112 | 631 | 539 | 267 |
| 21 | रोहतास | 19 | 2101 | 1958 | 652377 | 110537 | 110537 | 0 | 762914 | 1755 | 1716 | 242 | 318 |
| 22 | समस्तीपुर | 20 | 1258 | 1143 | 847215 | 145705 | 122647 | 23058 | 992920 | 812 | 645 | 498 | 215 |
| 23 | मधुबनी | 21 | 1115 | 1081 | 163343 | 131521 | 114909 | 16612 | 294864 | 925 | 638 | 443 | 157 |
| 24 | दरभंगा | 18 | 1314 | 1238 | 630840 | 151667 | 131132 | 20535 | 782507 | 1197 | 777 | 461 | 212 |
| 25 | सारण (छपरा) | 20 | 1807 | 1605 | 222787 | 430164 | 348415 | 81749 | 652951 | 1556 | 962 | 643 | 295 |
| 26 | सिवान | 19 | 1535 | 1449 | 547130 | 70123 | 64026 | 6097 | 617253 | 1140 | 886 | 563 | 132 |
| 27 | गोपालगंज | 14 | 1566 | 1471 | 288350 | 348788 | 245884 | 102904 | 637138 | 1449 | 781 | 690 | 220 |
| 28 | भागलपुर | 16 | 1574 | 1385 | 172647 | 236658 | 203219 | 33439 | 409305 | 1260 | 1258 | 127 | 242 |
| 29 | पू0 चम्पारण | 27 | 1346 | 1259 | 19707 | 145346 | 93972 | 51374 | 165053 | 1207 | 839 | 420 | 202 |

विशेष सर्वेक्षण् एवं बन्दोबस्त से संबंधित 38 जिलों के प्रपत्र—1 से प्रपत्र - 5 तक के कार्य की प्रगति प्रतिवेदन

द्वितीय चरण से संबंधित ग्रामों का विवरण — दिनांक -09-04-2025

| क्र0 स0 | जिला का नाम | कुल अंचल की संख्या | कुल राजस्व ग्रामों की संख्या | कुल सर्वे प्रारंभ होने वाले राजस्व ग्रामों की संख्या | स्वघोषणा की स्थिति: रैयत द्वारा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त स्वघोषणा की संख्या | शिविर स्तर पर ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त कुल स्वघोषणा की संख्या | शिविर स्तर पर ऑफलाईन माध्यम से प्राप्त स्वघोषणा में से अपलोड किये गये स्वघोषणा की संख्या | शिविर स्तर पर ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त स्वघोषणा में से अपलोड नहीं किये गये स्वघोषणा की संख्या (06-07) | ऑनलाईन एवं ऑफलाइन कुल स्वघोषणा की संख्या (05+06=09) | भू—सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र—5 में प्रविष्टि की स्थिति: कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि का कार्य प्रारम्भ किया गया | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि पूर्ण किया गया है। | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि अपूर्ण है। (4-11=22) | अमीन की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 30 | पटना | 23 | 1511 | 1300 | 163116 | 239529 | 159828 | 79701 | 402645 | 1250 | 1111 | 189 | 256 |
| 31 | बक्सर | 11 | 1145 | 1109 | 58216 | 305068 | 230976 | 74092 | 363284 | 1041 | 998 | 111 | 183 |
| 32 | भोजपुर | 14 | 1158 | 1158 | 139619 | 183731 | 147556 | 36175 | 323350 | 1152 | 700 | 458 | 196 |
| 33 | कैमुर (भभुआ) | 11 | 1700 | 1680 | 116370 | 197878 | 62200 | 135678 | 314248 | 1592 | 1444 | 236 | 257 |
| 34 | गया | 24 | 2921 | 2820 | 492954 | 199327 | 191963 | 7364 | 692281 | 2751 | 1461 | 1359 | 436 |
| 35 | नवादा | 14 | 1099 | 1060 | 369138 | 29026 | 29026 | 0 | 398164 | 1004 | 641 | 419 | 173 |
| 36 | वैशाली | 16 | 1582 | 1503 | 102500 | 290560 | 228770 | 61790 | 393060 | 1503 | 1472 | 31 | 279 |
| 37 | औरंगाबाद | 11 | 1884 | 1846 | 137191 | 494520 | 445049 | 49471 | 631711 | 1762 | 1689 | 157 | 267 |
| 38 | मुजफ्फपुर | 16 | 1827 | 1721 | 114102 | 397621 | 325993 | 71628 | 511723 | 1697 | 1676 | 45 | 298 |
| | | 444 | 39648 | 37361 | 6070960 | 5459196 | 4150593 | 1326571 | 11530156 | 33979 | 26214 | 11147 | |

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय चरण के प्रगति की समीक्षा उपरान्त निम्नांकित निदेश दिए गए –

(i) प्रथम चरण अर्न्तगत जिन 5657 राजस्व ग्रामों में कार्य पूर्व से आरम्भ है उनके कार्यो में तेजी लाते हुए सभी प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित 3424 राजस्व ग्रामों में अंतिम अधिकार अभिलेख के प्रकाशन का जिलावार लक्ष्य बन्दोबस्त पदाधिकारियों की सहमति से निर्धारित किया गया जो निम्नवत् है। लक्ष्य की प्राप्ति न होने पर माह मई 2025 एवं आगे का बन्दोबस्त पदाधिकारियों का वेतन भुगतान स्थगित रहेगा।

| जिला का नाम | विशेष सर्वेक्षण के प्रथम चरण अर्न्तगत कुल राजस्व ग्राम | प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित राजस्व ग्राम | अन्तिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित राजस्व ग्राम | 25 मई 2025 तक कुल अन्तिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित करने का लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| SHEIKHPURA | 284 | 268 | 223 | 250 |
| JEHANABAD | 240 | 209 | 108 | 162 |
| MUNGER | 306 | 298 | 52 | 283 |
| KATIHAR | 178 | 156 | 69 | 134 |
| NALANDA | 396 | 311 | 20 | 108 |
| BEGUSARAI | 438 | 303 | 219 | 236 |
| ARARIA | 153 | 94 | 4 | 50 |
| KHAGARIA | 157 | 102 | 19 | 60 |
| W. CHAMPARAN | 281 | 179 | 47 | 80 |
| PURNIA | 87 | 63 | 2 | 50 |
| SHEOHAR | 80 | 48 | 16 | 58 |
| LAKHISARAI | 400 | 269 | 69 | 120 |
| ARWAL | 312 | 186 | 21 | 139 |
| SAHARSA | 122 | 57 | 7 | 50 |
| MADHEPURA | 114 | 63 | 5 | 40 |
| SITAMARHI | 253 | 119 | 5 | 30 |
| KISHANGANJ | 451 | 211 | 3 | 103 |
| SUPAUL | 252 | 133 | 45 | 100 |
| JAMUI | 220 | 84 | 17 | 50 |
| BANKA | 933 | 271 | 86 | 50 |
| Total Count | 5657 | 3424 | 1037 | 2153 |

(ii) जिन जिलो में बन्दोबस्त पदाधिकारी का पद रिक्त है वहाँ बन्दोबस्त पदाधिकारी के पदस्थापन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग से अनुरोध किया जाए।

(iii) **विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य अर्न्तगत जिन राजस्व ग्रामों में पूर्व के दावा/आपति एवं पारित आदेशों की अपलोडिंग लंबित रह गई है वैसे ग्रामो की सूची बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त कर कम से कम एक पक्ष के लिए प्रपत्र–8, प्रपत्र–14 एवं प्रपत्र–21 के लॉक को हटाने हेतु आई0टी0सेल को निदेशित किया जाए एवं जिलो द्वारा निर्धारित अवधि में ही अपलोडिंग के लिए छुटे हुए पूर्व से प्राप्त दावा/आपति को भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए।**

(iv) द्वितीय चरण अर्न्तगत जिन अंचलो में विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रारम्भ किया गया है वहाँ के रैयतो को सर्वे के प्रति जागरूक करने के लिए बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा ग्राम एवं पंचायत में रैयतो के साथ बैठक कर उन्हें अधिक से अधिक स्वघोषणा समर्पित करने हेतु प्रेरित किया जाए।

(v) ऐसे जिले एवं अंचल यथा गोपालगंज के भोरे अंचल जहाँ के शिविर द्वारा खतियान की अनुपलब्धता का प्रतिवेदन समर्पित कर प्रपत्र–5 का संधारण नहीं किया गया है, वहाँ के बन्दोबस्त पदाधिकारी से स्पष्टीकरण करना सुनिश्चित किया जाए।

(vi) निदेशालय एवं जिला स्तर पर रैयतो से प्राप्त होने वाली शिकायतों का निष्पादन अविलम्ब किया जाए। किसी भी विशेष सर्वेक्षण कर्मी के विरूद्ध प्राप्त शिकायत के सत्यापन पश्चात् एवं कर्मी द्वारा कार्य में लापरवाही किए जाने की स्थिति में उसकी संविदा समाप्ति की स्पष्ट अनुशंसा की जाए।

(vii) जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विशेष सर्वेक्षण शिविरों एवं कर्मियों के कार्य एवं उपस्थिति की जाँच औचक निरीक्षण द्वारा किया जाए यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मी अपने आवंटित शिविर/ग्राम में उपस्थित रहें।

(viii) भू–अभिलेख के Scanning Digitization कार्यक्रम अर्न्तगत स्कैनिंग हेतु उत्तरदायी एजेंसी से प्राप्त खतियान अनुपलब्ध मौजो की जो सूची निदेशालय द्वारा जिलों को उपलब्ध कराई गई है, उसके संबंध में जिला से समन्वय स्थापित कर बन्दोबस्त कार्यालय में अनुपलब्ध खतियान वाले राजस्व ग्रामों की सूची एवं स्कैनिंग कार्य में अनुपलब्ध खतियान वाले ग्रामों की सूची से मिलान करने की कार्रवाई बन्दोबस्त कार्यालय स्तर से की जाए।

(ix) सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी को अमीनवार तथा मौजावार समीक्षा करने का निदेश दिया गया। माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2025 में बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा अमीनवार, ग्रामवार की गई समीक्षा बैठक की कार्यवाही दिनांक 20.04.2025 तक प्रत्येक दशा में बन्दोबस्त पदाधिकारी के WhatsApp Group पर पोस्ट कर देंगे।

(x) बैठक में उपस्थित सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधियों को निदेशित किया गया कि अलग–अलग प्रक्रमों के जो मानचित्र अपडेशन के लिए लंबित है उन्हे एक सप्ताह में बन्दोबस्त कार्यालयों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में उपस्थित सभी प्रमण्डल के नोडल पदाधिकारियों को जिलावार समीक्षा कर एजेंसी स्तर पर लंबित सभी मानचित्रों की उपलब्धता ससमय कराए जाने का निदेश दिया गया।

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

19/5/25

**(कमलेश कुमार सिंह)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांक : 17 / तक0को0–312–2018 / पार्ट–IV ....2145.... पटना, दिनांक: 19/05/2025

**प्रतिलिपि** : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19/5/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17 / तक0को0–312–2018 / पार्ट–IV ....2145.... **पटना, दिनांक:** 19/05/2025

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना / विशेष कार्य पदाधिकारी / अवर सचिव / प्रशाखा पदाधिकारी / निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग / प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19/5/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17 / तक0को0–312–2018 / पार्ट–IV ....2145.... **पटना, दिनांक:** 19/05/2025

**प्रतिलिपि** : दीपक श्रीवास्तव, विशेषज्ञ सलाहकार, / प्रिसं कुमार / कुणाल किशोर, प्रोग्रामर / हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ATPL, GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19/5/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17 / तक0को0–312–2018 / पार्ट–IV ....2145.... **पटना, दिनांक:** 19/05/2025

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/5/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17 / तक0को0–312–2018 / पार्ट–IV ....2145.... **पटना, दिनांक:** 19/05/2025

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव / सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

19/5/25

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप